Series : DPRPR/4

SET ~ 1

प्रश्न पत्र कोड **3/4/1**

रोल नं.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

**नोट :**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 4 हैं ।

(ii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(iii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **7** प्रश्न हैं ।

(iv) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी (अ)

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* *अधिकतम अंक : **40***

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए :**

*(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल **सात** प्रश्न हैं ।*

*(ii) इस प्रश्न-पत्र में **दो** खंड हैं – **खंड-क** और **खंड-ख** । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं । यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए ।*

*(iii) लेखन कार्य में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखिए ।*

*(iv) **खंड-क** में कुल **3** प्रश्न हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए इनके उपप्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

*(v) **खंड-ख** में कुल **4** प्रश्न हैं । सभी प्रश्नों के साथ विकल्प भी दिए गए हैं । निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए चारों प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

## खंड – क
### (पाठ्य–पुस्तक और पूरक पाठ्य–पुस्तक)

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **25-30** शब्दों में लिखिए : **2 × 4 = 8**

(क) 'मानवीय करुणा की दिव्य चमक' पाठ के आधार पर फ़ादर कामिल बुल्के के व्यक्तित्व के किन्हीं दो पहलुओं का उल्लेख कीजिए, जिनसे आप प्रभावित हैं । इस प्रभाव के उपयुक्त कारण भी स्पष्ट कीजिए । **(2)**

(ख) 'मानवीय करुणा की दिव्य चमक' पाठ के लेखक और फादर बुल्के के संबंध, आपकी दृष्टि में कैसे थे ? इससे फादर के स्वभाव के विषय में क्या कहा जा सकता है ? **(2)**

(ग) 'लखनवी अंदाज' पाठ में लेखक ने नवाब साहब की किस प्रकार की सनक का परिचय दिया है ? ऐसी सनक के क्या–क्या परिणाम हो सकते हैं ? उदाहरण के साथ स्पष्ट कीजिए । **(2)**

(घ) 'लखनवी अंदाज' पाठ के आधार पर बताइए कि नवाब साहब को खीरे खाने की तैयारी करते देख लेखक ने क्या सोचा ? उसके मन में कौन–सी इच्छा जगी और नवाब साहब के पूछने पर उसने खाने से क्यों मना कर दिया ? **(2)**

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर **25-30** शब्दों में लिखिए : **2 × 3 = 6**

(क) इस सत्र में पढ़ी गई किस कविता में कवि ने बादलों के विविध रूपों का चित्रण किया है ? उनका वर्णन अपने शब्दों में कीजिए । **(2)**

(ख) 'कन्यादान' कविता में माँ की परंपरागत छवि से हटकर नए दृष्टिकोण से विचार किया गया है । उसमें नया क्या है ? आप उन विचारों से कहाँ तक सहमत हैं और क्यों ? **(2)**

(ग) 'आग' के विषय में माँ बेटी को क्या समझा रही है और क्यों ? 'आग' के संकेत से कविता किस सामाजिक बुराई की ओर भी इशारा करती है ? उल्लेख कीजिए । **(2)**

(घ) प्रकृति के सौंदर्य का जो चित्र 'अट नहीं रही है' कविता उपस्थित करती है, उसे अपने शब्दों में लिखिए । **(2)**

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में लिखिए : **3 × 2 = 6**

(क) वात्सल्य और ममता की आधार–भूमि एक रहने पर भी माता–पिता और बच्चों के संबंधों में तब से अब तक बहुत बदलाव हुए हैं । – 'माता का अँचल' पाठ के आधार पर इसे सोदाहरण स्पष्ट कीजिए । **(3)**

(ख) 'साना–साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर बताइए कि पहाड़ के सौंदर्य पर मंत्रमुग्ध लेखिका पहाड़ों पर किस दृश्य को देख क्षुब्ध और परेशान हो उठती हैं ? क्या आपने भ्रमण या पर्यटन के दौरान ऐसे दृश्य देखे हैं ? ऐसे दृश्यों और अपने मन पर पड़े उनके प्रभाव को अपने शब्दों में लिखिए । **(3)**

(ग) 'जॉर्ज पंचम की नाक' पाठ के आधार पर बताइए कि रानी के आगमन पर राजधानी में क्या–क्या तैयारियाँ हो रही थीं ? इस तैयारी और बदलाव के पीछे भारतीय प्रशासन की कौन सी मानसिकता थी ? इसे देख आपको क्या अनुभव होता है ? **(3)**

## खंड – ख
### (रचनात्मक लेखन)

4. दिए गए विषयों में से **किसी एक** पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग **150** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : **1 × 5 = 5**

(क) कोरोना काल के सहयात्री
- कोरोना महामारी का आरंभ और प्रसार
- गत दो वर्षों में जीवन का स्वरूप
- जीवन-यात्रा में साथ देने वाले व्यक्ति और वस्तुएँ

(ख) पॉलीथिन थैलियों पर अनिवार्य प्रतिबंध
- पॉलीथिन थैलियों का प्रचलन, प्रसार
- प्रतिबंध की आवश्यकता
- सरकार और आम आदमी के सहयोग

(ग) कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) का दौर
- कृत्रिम बुद्धिमत्ता क्या है ? कैसे काम करती है ?
- वर्तमान में इसका प्रचार-प्रसार अधिक कैसे हुआ ?
- इसके लाभ और खतरे, हमारे जीवन पर प्रभाव

5. (a) आपका नाम सना/सोहम है और आपने बीते दो वर्षों में ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से पढ़ाई की है । अपने मित्र को इस अनुभव की अच्छाइयों और सीमाओं से अवगत कराते हुए लगभग **120** शब्दों में एक पत्र लिखिए । **5**

**अथवा**

(b) आप जयपुर में रहने वाले चंद्रप्रकाश/चाँदनी हैं और हाल में ही आपने नया घर बनवाया है । उसके लिए बिजली का कनेक्शन लेने के लिए बिजली विभाग के अधिकारी को एक अनुरोध-पत्र लगभग **120** शब्दों में लिखिए । **5**

6. (क) (a) आपके बड़े भाई ने बेकरी की एक दुकान खोली है । उसके लिए लगभग **50** शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए । **2½**

**अथवा**

(b) आपकी बहन का एक थिएटर-समूह है । वे इस शहर में अपने नए नाटक का मंचन करने जा रही हैं । उसके प्रचार-प्रसार के लिए लगभग **50** शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए । **2½**

(ख) (a) मुख्य चुनाव आयुक्त की ओर से **50** शब्दों का एक विज्ञापन तैयार कीजिए जिसका विषय है – "मतदान : प्रत्येक नागरिक का अधिकार और कर्त्तव्य" । **2½**

**अथवा**

(b) आपकी सोसायटी के पास ठेले लगाने वाले व्यक्ति का **10** वर्षीय बच्चा गुम हो गया है । उसके लिए अखबार में 'खोया-पाया' कॉलम के अंतर्गत एक विज्ञापन **50** शब्दों में तैयार कीजिए । **2½**

7. (क) (a) आपके मित्र ने नीट की परीक्षा में राज्य में तीसरा स्थान प्राप्त किया है । उसे बधाई देते हुए लगभग **40** शब्दों में एक संदेश लिखिए । **2½**

**अथवा**

(b) चेन्नई निवासी अपने मित्र को पोंगल के अवसर पर लगभग **40** शब्दों में एक बधाई संदेश लिखिए । **2½**

(ख) (a) विदेश में रहने वाले अपने चाचा-चाची को नव वर्ष की शुभकामना का संदेश लगभग **40** शब्दों में लिखिए । **2½**

**अथवा**

(b) अपनी कक्षा के प्रतिनिधि के रूप में सभी सहपाठियों को आगामी बोर्ड की परीक्षा के लिए शुभकामना का संदेश लगभग **40** शब्दों दीजिए । **2½**

# सेकेंडरी स्कूल टर्म II परीक्षा 2022

# अंक-योजना / हिंदी (A), कोड- 002

# कक्षा- 10 वीं प्रश्न पत्र 3/4/1

## सामान्य निर्देश:

1.आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी सी भूल भी गंभीर समस्या को जन्म दे सकती है जो परीक्षार्थियों के लिए भविष्य, शिक्षा-प्रणाली और अध्ययन-अध्यापन व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। इससे बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ और समझ लें।

2. मूल्यांकन एक गोपनीय नीति है। आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किए गए मूल्यांकन और कई अन्य पहलुओं से संबंधित होने की वजह से मूल्यांकन की गोपनीयता अनिवार्य है। सार्वजनिक रूप से किसी भी तरह इसके लीक होने पर परीक्षा-प्रणाली पर दुष्प्रभाव पड़ सकता है जो लाखों उम्मीदवारों के जीवन और भविष्य को प्रभावित कर सकता है। इस नीति/दस्तावेज को किसी से भी साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र/वेबसाइट आदि में छापना आईपीसी (IPC) के तहत कार्रवाई को आमंत्रित कर सकता है।

3. मूल्यांकन अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंक-योजना का अनुपालन समग्रता पूर्वक और निष्ठापूर्वक किया जाए। हालांकि मूल्यांकन करते समय नवीनतम सूचना और ज्ञान पर आधारित और नवाचार पर आधारित उत्तरों को उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए पूरे अंक दिए जाएँ। कक्षा दसवीं के प्रश्न पत्र में दिए गए दक्षता आधारित**(competency based)** प्रश्नों के मूल्यांकन करने में कृपया विद्यार्थियों द्वारा दिए गए उत्तर को समझने का प्रयास करें; उनके उत्तर चाहे अंक योजना में दिए गए उत्तर से मेल न खाते हों तब भी सही दक्षताओं की परिगणना की गई हो तो अंक दिए जाने चाहिए।

4. मुख्य परीक्षक प्रत्येक मूल्यांकन कर्ता के द्वारा पहले दिन जाँची गई पाँच उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करें और आश्वस्त हों कि मूल्यांकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जा रहा है। परीक्षकों को बाकी उत्तर पुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब आप आश्वस्त हो, कि उनके अंकन में कोई भिन्नता नहीं है।

5. परीक्षक सही उत्तर पर सही का निशान (✔ ) लगाएँ और गलत उत्तर के लिए गलत का ( x )। मूल्यांकन करता द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा समझ में आता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए। परीक्षकों द्वारा यह भूल सर्वाधिक की जाती है।

6. यदि किसी प्रश्न के उपभाग भी हों तो कृपया प्रश्नों के उपभागों के उत्तरों पर दाईं ओर अंक दिए जाएँ। बाद में उपभागों के इन अंकों का योग बाईं ओर के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।

7. यदि किसी प्रश्न के कोई उपभाग न हो तो बाईं ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।

8. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर भी लिख दिया है और किसी को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों उन्हें ही स्वीकार करें/ उन्हीं पर अंक दें।

9. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो उसे अनदेखा करें और उस पर अंक न काटे जाएँ।

10. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0-40 (उदाहरण 0-40 अंक जैसा कि प्रश्न पत्र में दिया गया है) का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे 40 अंक देने में संकोच न करें।

11. प्रत्येक परीक्षक को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है और प्रतिदिन मुख्य विषयों की 30 उत्तर पुस्तिकाएँ तथा अन्य विषयों की 35 उत्तर पुस्तिकाएँ जाँचनी हैं। ( विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)

12. यह सुनिश्चित करें कि आप निम्नलिखित प्रकार की त्रुटियाँ न करें जो पिछले वर्षों में की जाती रही हैं –

- उत्तर पुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना।
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक देना।
- उत्तर के लिए दिए गए अंकों का योग ठीक न होना।
- उत्तर पुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना।
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि
- योग करने में अंकों और शब्द में अंतर होना।
- उत्तर पुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना।
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि

- उत्तरों पर सही का चिह्न (✔) करना किंतु अंक न देना। (सुनिश्चित करें कि ( ✔ ) या ( **x** ) का उपयुक्त निशान ठीक ढंग से और स्पष्ट रूप से लगा हो। यह मात्र एक रेखा के रूप में न हो)
- उत्तर का एक भाग सही और दूसरा गलत हो किंतु अंक न दिए गए हों।

13. उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते हुए यदि कोई उत्तर पूर्ण रूप से गलत हो तो उस पर ( x) निशान लगाएँ और शून्य (0) अंक दें।

14. उत्तर पुस्तिका पर किसी प्रश्न का बिना जाँचे हुए छूट जाना या योग में किसी भूल का पता लगना मूल्यांकन कार्य में लगे सभी लोगों की छवि को और माध्यमिक शिक्षा परिषद की प्रतिष्ठा को धूमिल करता है।

15. सभी परीक्षक वास्तविक मूल्यांकन कार्य से पहले 'स्पॉट इवैल्यूएशन' के निर्देशों से सुपरिचित हो जाएँ।

16. प्रत्येक परीक्षक सुनिश्चित करें कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन हुआ है, आवरण पृष्ठ पर तथा योग में कोई अशुद्धि नहीं रह गई है तथा कुल योग को शब्दों और अंकों में लिखा गया है।

17. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया के अंतर्गत परीक्षार्थियों के अनुरोध पर निर्धारित शुल्क भुगतान के बाद उन्हें उत्तर पुस्तिकाओं की फोटो कॉपी प्राप्त करने की अनुमति देती है।

अंक–योजना मार्च, 2022

प्रश्न पत्र 3/4/1

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न अनुभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | **खंड 'क'**<br>**( पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक )** | |
| 1 | 1 | प्रश्न – निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25–30 शब्दों में लिखिए : | |
| | (क) | प्रश्न – 'मानवीय करुणा की दिव्य चमक' पाठ के आधार पर फ़ादर कामिल बुल्के के व्यक्तित्व के किन्हीं दो पहलुओं का उल्लेख कीजिए, जिनसे आप प्रभावित हैं। इस प्रभाव के उपयुक्त कारण भी स्पष्ट कीजिए।<br>**उत्तर** –<br>• हिंदी भाषा और साहित्य से प्रेम<br>• वात्सल्य<br>• संबंध बनाना व निर्वाह करना<br>• मानवीयता<br>• करुणा<br>• नि:स्वार्थ भावना<br>• संवेदनशीलता<br>• सहृदयता<br>• दूसरों के सुख-दुख में शामिल<br>(किन्हीं दो बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित)<br>(प्रश्न के दूसरे भाग के लिए उपयुक्त स्वतंत्र उत्तर स्वीकार्य) | ½ +½ +1=2 |
| | (ख) | प्रश्न – 'मानवीय करुणा की दिव्य चमक' पाठ के लेखक और फ़ादर बुल्के के संबंध, आपकी दृष्टि में कैसे थे? इससे फ़ादर के स्वभाव के विषय में क्या कहा जा सकता है?<br>**उत्तर** –<br>• प्रगाढ़, आत्मीय, पारिवारिक, मैत्रीपूर्ण; | |

अंक-योजना मार्च, 2022

प्रश्न पत्र 3/4/1

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न अनुभाग | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | • अपनत्व का भाव, संन्यासी होते हुए भी न केवल पारिवारिक संबंध जोड़ते थे अपितु आजीवन निर्वाह भी करते थे। | 1+1=2 |
| 1 | (ग) | प्रश्न – 'लखनवी अंदाज़' पाठ में लेखक ने नवाब साहब की किस प्रकार की सनक का परिचय दिया है? ऐसी सनक के क्या-क्या परिणाम हो सकते हैं? उदाहरण के साथ स्पष्ट कीजिए।<br>**उत्तर** –<br>• झूठी नवाबी शान की सनक ;<br>(खीरा खरीदना, खाने की पूरी तैयारी करना और सूँघकर फेंक देना)<br>(प्रश्न के दूसरे हिस्से के लिए उपयुक्त उत्तर स्वीकार्य)<br>उदाहरणार्थ - खाने की बर्बादी, ऐसी सनक से अपना नुकसान | 1+1=2 |
| | (घ) | प्रश्न – 'लखनवी अंदाज़' पाठ के आधार पर बताइए कि नवाब साहब को खीरे खाने की तैयारी करते देख लेखक ने क्या सोचा? उसके मन में कौन-सी इच्छा जगी और नवाब साहब के पूछने पर उसने खाने से क्यों मना कर दिया?<br>**उत्तर** –<br>• वैसे तो नवाब बनते हैं लेकिन खीरे जैसी साधारण वस्तु को खा रहे हैं;<br>• लेखक को खीरे की खुशबू से खाने की इच्छा जगी;<br>• आत्मसम्मान निभाने के लिए मना कर दिया। | 2 |
| 2 | 2 | प्रश्न – निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए : | |

अंक-योजना मार्च, 2022

प्रश्न पत्र 3/4/1

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न अनुभाग | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|
| 2 | (क) | प्रश्न – इस सत्र में पढ़ी गई किस कविता में कवि ने बादलों के विविध रूपों का चित्रण किया है? उनका वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।<br>**उत्तर** –<br>• 'उत्साह' कविता में;<br>• काले घुँघराले बालों के समान<br>• बाल-कल्पना जैसे सुंदर, प्रतिपल परिवर्तित<br>• नए कवि की कल्पना जैसे<br>• क्रांति के प्रतीक<br>• नव जीवन देने वाले<br>• उत्साह भरने वाले<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | ½ +1½ =2 |
| | (ख) | प्रश्न – 'कन्यादान' कविता में माँ की परंपरागत छवि से हटकर नए दृष्टिकोण से विचार किया गया है। उसमें नया क्या है? आप उन विचारों से कहाँ तक सहमत हैं और क्यों?<br>**उत्तर** –<br>नई सीख –<br>• कर्त्तव्यों का निर्वाह करना परंतु अन्याय न सहना, अधिकारों के लिए सचेत रहना<br>• स्त्री-सुलभ गुणों - कोमलता, करुणा, स्नेह, संवेदनशीलता आदि से संपन्न होते हुए भी कमज़ोर न बनना<br>• माँ द्वारा बेटी को हिम्मत और साहस का पाठ पढ़ाना<br>• सूझबूझ के साथ जीने तथा सबल बने रहने की प्रेरणा देना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित)<br>सहमत – | |

अंक–योजना मार्च, 2022

प्रश्न पत्र 3/4/1

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न अनुभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | (प्रश्न के दूसरे हिस्से के लिए स्वतंत्र उपयुक्त उत्तर स्वीकार्य)<br>उदाहरणार्थ –<br>• अपने अनुभवों के आधार पर बेटी को आत्मनिर्भर बनाने के लिए<br>• वर्तमान परिस्थितियों में समाज में बराबरी के लिए | 1+1=2 |
| 2 | (ग) | प्रश्न – 'आग' के विषय में माँ बेटी को क्या समझा रही है और क्यों? 'आग' के संकेत से कविता किस सामाजिक बुराई की ओर भी इशारा करती है? उल्लेख कीजिए।<br>**उत्तर** –<br>• आग रोटियाँ सेंकने के लिए है, जलने के लिए नहीं;<br>• बेटी को सुरक्षित रहने, अन्याय न सहने की सीख देने के लिए / कर्त्तव्य का निर्वाह करने और अत्याचार न सहने के लिए / शोषण, अत्याचार से बचाने के लिए ;<br>• दहेज प्रथा जैसी सामाजिक बुराई की ओर संकेत | ½ +1+½ =2 |
| | (घ) | प्रश्न – प्रकृति के सौंदर्य का जो चित्र 'अट नहीं रही है' कविता उपस्थित करती है, उसे अपने शब्दों में लिखिए।<br>**उत्तर** –<br>• फागुन का सर्वव्यापक सौंदर्य<br>• पेड़ों पर नए पत्ते निकलना<br>• सर्वत्र फूलों का खिलना / फूलों की माला–सी प्रकृति में बन जाना।<br>• शीतल–मंद–सुगंधित हवा का बहना<br>(मौलिक उत्तर पर भी अंक दिए जाएँ)<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |

अंक-योजना मार्च, 2022

प्रश्न पत्र 3/4/1

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न अनुभाग | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|
| 3 | 3 | प्रश्न – निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : | |
| | (क) | प्रश्न – वात्सल्य और ममता की आधार-भूमि एक रहने पर भी माता-पिता और बच्चों के संबंधों में तब से अब तक बहुत बदलाव हुए हैं। –'माता का अँचल' पाठ के आधार पर इसे सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।<br>**उत्तर** – (उपयुक्त स्वतंत्र उत्तर स्वीकार्य)<br><u>उदाहरणार्थ</u> –<br>• आधुनिक युग में समय का अभाव और तकनीक का प्रभाव<br>• बच्चों के साथ खेल-खिलौनों में माता-पिता का सम्मिलित न होना<br>• अब माता-पिता और बच्चे नवीन तकनीकों और उपकरणों में व्यस्त<br>• भोलानाथ के पिता की तरह अब माता-पिता के पास खेलों में शामिल होने का वक्त नहीं | 3 |
| | (ख) | प्रश्न – 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर बताइए कि पहाड़ के सौंदर्य पर मंत्रमुग्ध लेखिका पहाड़ों पर किस दृश्य को देख क्षुब्ध और परेशान हो उठती हैं? क्या आपने भ्रमण या पर्यटन के दौरान ऐसे दृश्य देखे हैं? ऐसे दृश्यों और अपने मन पर पड़े उनके प्रभाव को अपने शब्दों में लिखिए।<br>**उत्तर** –<br>• महिलाओं द्वारा पत्थर तोड़ने का दृश्य<br>(प्रश्न के दूसरे और तीसरे हिस्से के लिए उपयुक्त स्वतंत्र उत्तर स्वीकार्य)<br><u>उदाहरणार्थ</u> –<br>अन्य दृश्य – | |

| प्रश्न | प्रश्न अनुभाग | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | • ढ़ाबों पर बच्चों को काम करते देखना<br>• स्त्रियों, वृद्धों और बच्चों को भवन-निर्माण जैसे कठोर कार्य करते देखना ;<br>• मन को परेशान करते हैं, सवाल उठते हैं। | 1+1+1=3 |
| 3 | (ग) | प्रश्न – 'जॉर्ज पंचम की नाक' पाठ के आधार पर बताइए कि रानी के आगमन पर राजधानी में क्या-क्या तैयारियाँ हो रही थीं? इस तैयारी और बदलाव के पीछे भारतीय प्रशासन की कौन-सी मानसिकता थी? इसे देख आपको क्या अनुभव होता है?<br>**उत्तर** –<br><u>तैयारी</u> –<br>• दीवारों पर रंग-रोगन कराना<br>• दिल्ली की सड़कों, इमारतों की साफ़-सफाई और सजावट<br><u>मानसिकता</u> –<br>• औपनिवेशिक मानसिकता दिखाई देती है।<br><u>अनुभव</u> –<br>• इसे देखकर ऐसा लगता है कि हम आज भी गुलाम हैं।<br>(उपयुक्त स्वतंत्र उत्तर भी स्वीकार्य) | 1+1+1=3 |
| | | **खंड 'ख'**<br>**( रचनात्मक लेखन )** | |
| 4 | 4 | प्रश्न – निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 150 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : | |

अंक-योजना मार्च, 2022

प्रश्न पत्र 3/4/1

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न अनुभाग | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|
| | (क) | **कोरोना काल के सहयात्री**<br>• कोराना महामारी का आरंभ और प्रसार<br>• गत दो वर्षों में जीवन का स्वरूप<br>• जीवन-यात्रा में साथ देने वाले व्यक्ति और वस्तुएँ | |
| | (ख) | **पॉलीथिन थैलियों पर अनिवार्य प्रतिबंध**<br>• पॉलीथिन थैलियों का प्रचलन, प्रसार<br>• प्रतिबंध की आवश्यकता<br>• सरकार और आम आदमी के सहयोग | |
| | (ग) | **कृत्रिम बुद्धिमत्ता ( आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ) का दौर**<br>• कृत्रिम बुद्धिमत्ता क्या है? कैसे काम करती है?<br>• वर्तमान में इसका प्रचार-प्रसार अधिक कैसे हुआ?<br>• इसके लाभ और खतरे, हमारे जीवन पर प्रभाव<br><br>**उत्तर** –<br>अनुच्छेद-लेखन<br>• भूमिका + निष्कर्ष = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 3 अंक<br>• भाषा शुद्धता = 1 अंक<br><br>विशेष निर्देश :-<br>• दिए गए संकेत बिंदुओं को शामिल करते हुए यथोचित विषय-वस्तु लेखन, स्तरीय और रचनात्मक भाषा प्रयोग पर पूरे अंक दिए जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक | 5 |

| प्रश्न | प्रश्न अनुभाग | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ।<br>• प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ। | |
| 5 | (a) | आपका नाम सना / सोहम है और आपने बीते दो वर्षों में ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से पढ़ाई की है। अपने मित्र को इस अनुभव की अच्छाइयों और सीमाओं से अवगत कराते हुए लगभग 120 शब्दों में एक पत्र लिखिए।<br>अथवा | |
| | (b) | आप जयपुर में रहने वाले चंद्रप्रकाश / चाँदनी हैं और हाल में ही आपने नया घर बनवाया है। उसके लिए बिजली का कनेक्शन लेने के लिए बिजली विभाग के अधिकारी को एक अनुरोध-पत्र लगभग 120 शब्दों में लिखिए।<br><br>**उत्तर** –<br>पत्र-लेखन<br>• प्रारूप (आरंभ और अंत की औपचारिकताएँ) = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 3 अंक<br>• भाषाई शुद्धता = 1 अंक<br><br>विशेष निर्देश :–<br>• उपयुक्त प्रारूप होने पर ही पत्र माना जाए और अंक दिए जाएँ।<br>• प्रारूप और आरंभ-अंत की औपचारिकताओं में किसी तरह का रूढ़ बंधन तय नहीं किया जाए। (दाएँ-बाएँ, सेवा में आदि पर अतिरिक्त ध्यान न दिया जाए) | 5 |

| प्रश्न | प्रश्न अनुभाग | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | • प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। | |
| 6 | (क)(a) | आपके बड़े भाई ने बेकरी की एक दुकान खोली है। उसके लिए लगभग 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।<br>अथवा | |
| | (b) | आपकी बहन का एक थिएटर-समूह है। वे इस शहर में अपने नए नाटक का मंचन करने जा रही है। उसके प्रचार-प्रसार के लिए लगभग 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। | |
| | (ख)(a) | मुख्य चुनाव आयुक्त की ओर से 50 शब्दों का एक विज्ञापन तैयार कीजिए जिसका विषय है – "मतदान : प्रत्येक नागरिक का अधिकार और कर्त्तव्य"।<br>अथवा | |
| | (b) | आपकी सोसायटी के पास ठेले लगाने वाले व्यक्ति का 10 वर्षीय बच्चा गुम हो गया है। उसके लिए अखबार में 'खोया-पाया' कॉलम के अंतर्गत एक विज्ञापन 50 शब्दों में तैयार कीजिए।<br>**उत्तर** –<br>विज्ञापन-लेखन<br>• रचनात्मकता + प्रस्तुति = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 1 अंक<br>• भाषाई शुद्धता = ½ अंक = 2½ अंक | 2½+2½=5 |

अंक-योजना मार्च, 2022

प्रश्न पत्र 3/4/1

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न अनुभाग | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | <u>विशेष निर्देश</u> :–<br>• विज्ञापन लेखन में रंगों और चित्रों का प्रयोग अनिवार्य नहीं है। इसके लिए अंक न काटे जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम आधा अंक काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। | |
| 7 | (क)(a) | आपके मित्र ने नीट की परीक्षा में राज्य में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। उसे बधाई देते हुए लगभग 40 शब्दों में एक संदेश लिखिए।<br>अथवा | |
| | (b) | चेन्नई निवासी अपने मित्र को पोंगल के अवसर पर लगभग 40 शब्दों में एक बधाई संदेश लिखिए। | |
| | (ख)(a) | विदेश में रहने वाले अपने चाचा-चाची को नव वर्ष की शुभकामना का संदेश लगभग 40 शब्दों में लिखिए।<br>अथवा | |
| | (b) | अपनी कक्षा के प्रतिनिधि के रूप में सभी सहपाठियों को आगामी बोर्ड की परीक्षा के लिए शुभकामना का संदेश लगभग 40 शब्दों में दीजिए।<br><br>**उत्तर** –<br><u>संदेश-लेखन</u><br>• प्रारूप = ½ अंक<br>• विषयवस्तु = 1½ अंक<br>• भाषा शुद्धता = ½ अंक = 2½ अंक | 2½+2½=5 |

| प्रश्न | प्रश्न अनुभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | विशेष निर्देश –<br>• संदेश लेखन का कोई निश्चित प्रारूप नहीं है फिर भी प्रश्नानुकूल उपयुक्त प्रारूप को आवश्यक माना जाए।<br>एक सामान्य प्रारूप के भीतर लेखन को ही संदेश माना जाए।<br>• प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द–सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम आधा अंक काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। | |